पत्र संख्या-कम्प्यूटर-NIC कम्प्यूट्राइजेशन(S/W)-(2011-12)/ 589 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(आई0टी0-अनुभाग)

दिनॉक // लखनऊ // अक्टूबर, 20, 2011

1- **समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1,**
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

2- **समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)**
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

भारत सरकार द्वारा प्रायोजित मिशन मोड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विभागीय कम्प्यूटराइजेशन की योजना में विभाग में पंजीकृत समस्त व्यापारियों के PAN संग्रहण का कार्य दिनॉक 31-12-2011 तक पूर्ण किया जाना आवश्यक है । इस प्रयोजन हेतु विभाग द्वारा वैट रिटर्न के प्रारुप में संशोधन करते हुये इसमें PAN नम्बर का कालम बढ़ा दिया गया है तथा सुविधा केन्द्रों के काउण्टरों पर काटी जाने वाली रसीद माड्यूल में भी इसकी फील्ड पूर्व में बनायी जा चुकी है, परन्तु यह पाया गया है कि काउण्टरों पर काटी जाने वाली रसीद में PAN नम्बर नही भरा जा रहा है जिसके कारण यह PAN नम्बर विभागीय सर्वर में नही फीड हो पा रहे हैं ।

माह अक्टूबर 2011 में विभाग में पंजीकृत व्यापारियों में से अधिकांश व्यापारियों द्वारा रिटर्न दाखिल किये जायेगें । अत: इन PAN नम्बरों की विभागीय सर्वर में फीडिंग के उद्देश्य से यह निर्देश दिये जाते हैं कि मैनुअली दाखिल किये जा रहे रिटर्नो में अंकित PAN नम्बर की प्रविष्टि तात्कालिक प्रभाव से सुविधा केन्द्र के काउण्टर पर काटी जाने वाली रसीद में अनिवार्य रुप से की जाय ।

ह0/-

(चन्द्रभानु)

कमिश्नर वाणिज्य कर

उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।